| Publication | Amar Ujala |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 15th August 2019 |

अमर उजाला

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर प्रोफेशनल स्टडीज (सीपीएएस) में बुधवार को 73वें स्वतंत्रता दिवस पर जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कई तरह के सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि देकर देशभक्ति का संदेश दिया।

सेंटर की निदेशिका प्रो. संतोष नांदल ने झंडारोहण कर राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी व मंच से सभी छात्रों, सहकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रो. संतोष नांदल ने युवाओं से आह्वान किया कि वह शिक्षा के प्रति गंभीर रहे, जिससे तरक्की की राह पर आगे बढ़ा जा सके। कार्यक्रम में छात्र प्रशांत शर्मा ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि संतोष नांदल का स्वागत किया। इस अवसर पर सेंटर के सभी शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।



सनसिटी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

**सनसिटी स्कूल ने मना कार्यक्रम :** सनसिटी स्कूल में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। वहीं बारहवीं कक्षा से विज्ञान संकाय में जिले के टॉपर रहे आयुष वर्मा को भी उनकी शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। ब्यूरो

## केआईआईटी में मनाया स्वतंत्रता दिवस




**गुरुग्राम।** केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल और कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन बीआर कामराह ने झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने अंग दान करने का महत्व समझाते हुए लोगों से अंग दान करने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केआईआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की बीएड की छात्रा प्रियंका ने अपने भाषण में अंग दान के महत्व को समझाया। ब्यूरो

| Publication | Dainik Bhaskar |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 15th August 2019 |

दैनिक भास्कर


### केजी से लेकर सीनियर विंग के छात्र तिरंगे के साथ जश्न-ए-आजादी में डूबे

# कई स्कूलों में देशभक्ति के कार्यक्रम हुए, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खूब थिरके बच्चे



गुड़गांव. सोहना रोड स्थित केआईआईटी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

भास्कर न्यूज़. गुड़गांव

स्वतंत्रता दिवस को लेकर बुधवार को शहर के शिक्षण संस्थानों में देशभक्ति से भरपूर कई कार्यक्रमों को आयोजन किया। केजी विंग से लेकर सीनियर विंग के छात्र तिरंगे के रंग के साथ जशन-ए-आजादी में डूबे नजर आए। इस मौके पर सनसिटी स्कूल में जोश की भावना के साथ दिल्ली के एक प्रतिभाशाली दृष्टिबाधित गायक दिवाकर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। जश्न की शुरुआत स्कूल के मैदान में तिरंगे को फहराने से हुई। छात्रों द्वारा सराहनीय मार्च पास्ट के बाद छात्रों ने इसरो की 'चंद्रयान- 2' की सफलता पर एक बेहतरीन झांकी निकाली। स्टूडेंट्स ने वायलन बजाया और देशभक्ति गीत- 'सारे जहां से अच्छा' से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वहीं सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल और कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन बीआर कामराह ने झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्टूडेंट्स ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छात्रों ने अंगदान करने का महत्व समझाते हुए लोगों से अंगदान करने की अपील भी की। रविनगर स्थित द्रोणा पब्लिक स्कूल में इस मौके पर रंगारंग प्रस्तुति छात्रों ने दी। 73वें स्वतंत्रता दिवस पर छोटे-छोटे बच्चों ने राष्ट्रप्रेम के गीत और नृत्यनाटिका प्रस्तुत की। स्कूल के प्रिंसिपल भीष्म भारद्धाज ने इस मौके पर सभी छात्रों को संबोधित भी किया।

### 73वें स्वतंत्रता दिवस पर जशन-ए-आजादी कार्यक्रम

सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर प्रोफेशनल स्टडीज में 73वें स्वतंत्रता दिवस पर जशन-ए-आजादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने कई तरह के सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि समर्पित की और देशभक्ति का संदेश दिया। सेंटर की निदेशिका प्रोफेसर संतोष नांदल ने झंडारोहण कर राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी अतुल कटारिया मेमोरियल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और रक्षा बंधन के पर्व पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों ने तिरंगे गुब्बारे और पतंगे आसमान में उड़ाकर वातावरण को उमंग और उत्साह से भर दिया। इसके बाद छात्रों ने समूह गान, नृत्य, देशभक्ति गीत से वातावरण को देशभक्ति के रंग में भर दिया।

| | |
|---|---|
| Publication | Navbharat Times |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 15th August 2019 |

NBT
नवभारत टाइम्स


# मुहूर्त के बंधन से मिली आजादी, पूरे दिन मनेगा राखी का त्योहार



■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : स्वतंत्रता दिवस** और रक्षाबंधन का संयोग एक साथ बना है, ऐसे में दोनों की खरीदारी को लेकर एक दिन पहले बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। इस बार बहनों को भाई की कलाई पर प्यार की डोर बांधने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। राखी बांधने के लिए काफी लंबा मुहूर्त मिलेगा। शीतला मंदिर के पंडित राकेश ने बताया कि सुबह 5:52 से शाम 6 बजे तक राखी बांधी जा सकेगी। राखी बांधने के लिए इस बार बहनों को काफी अधिक समय मिल रहा है। साथ ही 19 साल बाद रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस एक साथ मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के लिए दोपहर 2 बजे से राहुकाल भी है, इस समय बहनें राखी न बांधे तो वो सही रहेगा, यह समय दोपहर 3:41 तक रहेगा। रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार के दिन है और यह दिन गुरु बृहस्पति को समर्पित होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरु बृहस्पति ने देवराज इंद्र को दानवों पर विजय प्राप्ति के लिए इंद्र की पत्नी से रक्षासूत्र बांधने के लिए कहा था, जिसके बाद इंद्र ने विजय प्राप्ति की थी। इसलिए भी राखी का त्योहार गुरुवार के दिन होने से इसका महत्व काफी बढ़ गया है।



**सदर बाजार में दिनभर रही भीड़**

## नहीं रहेगा भद्रा काल

सेक्टर-17 स्थित शिवमंदिर में ज्योतिषाचार्य पुरुषोत्तम ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर भद्राकाल नहीं रहेगा। भद्रा सूर्योदय के पहले ही समाप्त हो जाएगी और बहनें सूर्यास्त से पहले तक भाइयों को राखी बांध सकती हैं। भद्राकाल के समय राखी बांधना शुभ नहीं होता।

## मिलेगा पुलिस मेडल

वस, गुड़गांव : देवीलाल स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुड़गांव पुलिस के एक एसीपी, इंस्पेक्टर व एएसआई को पुलिस मेडल मिलेगा। पुलिस विभाग में बेहतर सेवा के लिए इनका चयन पुलिस मेडल के लिए हुआ है। पुलिस मेडल पाने वालों को एसीपी पटौदी वीर सिंह, महिला इंस्पेक्टर लैली वर्गिस व एएसआई रविंद्र कुमार शामिल हैं।

| Publication | Navbharat Times |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 15th August 2019 |

YOUNG INDIA • YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स

# ...मां तुझे सलाम

## स्कूलों में देशभक्ति कार्यक्रमों में बच्चों ने जमाया रंग

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

**जश्न-ए-आजादी** की झलक स्कूलों में बखूबी देखने को मिली। नन्हे छात्र स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सभी का मन मोह रहे थे। सनसिटी स्कूल में जोश की भावना के साथ दिल्ली के एक प्रतिभाशाली दृष्टिबाधित गायक दिवाकर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। जश्न की शुरुआत स्कूल के मैदान में भारतीय तिरंगे को फहराने से हुई। मार्च पास्ट के बाद छात्रों ने इसरो की 'चंद्रयान- 2' की सफलता पर एक बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की। स्कूली बच्चों ने वायलिन बजाया और देशभक्ति गीत 'सारे जहां से अच्छा' गाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यूरो इंटरनैशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में भी बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल और कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चेयरमैन बी. आर. कामराह ने झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्टूडेंट्स ने समारोह के दौरान लोगों से अंगदान करने की अपील भी की। रविनगर स्थित द्रोणा पब्लिक स्कूल में इस मौके पर रंगारंग प्रस्तुति छात्रों ने दी। स्कूल के प्रिंसिपल भीष्म भारद्वाज छात्रों से रूबरू हुए। सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर प्रफेशनल स्टडीज में कई तरह के सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम हुए और शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि समर्पित की।



केआईआईटी स्कूल


यूरो इंटरनैशनल स्कूल




द्रोणा पब्लिक स्कूल

NBT नवभारत टाइम्स

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/-mother-salute-you/articleshow/70677947.cms

# ....मां तुझे सलाम

\Bएनबीटी न्यूज, गुड़गांव\Bजश्न-ए-आजादी की झलक स्कूलों में बखूबी देखने को मिली। नन्हे छात्र स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सभी का मन मोह रहे ...

Navbharat Times | Updated: 15 Aug 2019, 08:00:00 AM IST

\Bजश्न-ए-आजादी की झलक स्कूलों में बखूबी देखने को मिली। नन्हे छात्र स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सभी का मन मोह रहे थे। सनसिटी स्कूल में जोश की भावना के साथ दिल्ली के एक प्रतिभाशाली दृष्टिबाधित गायक दिवाकर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। जश्न की शुरुआत स्कूल के मैदान में भारतीय तिरंगे को फहराने से हुई। मार्च पास्ट के बाद छात्रों ने इसरो की 'चंद्रयान- 2' की सफलता पर एक बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की। स्कूली बच्चों ने वायलिन बजाया और देशभक्ति गीत 'सारे जहां से अच्छा' गाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल और कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चेयरमैन बी. आर. कामराह ने झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्टूडेंट्स ने समारोह के दौरान लोगों से अंगदान करने की अपील भी की। रविनगर स्थित द्रोणा पब्लिक स्कूल में इस मौके पर रंगारंग प्रस्तुति छात्रों ने दी। 73वें स्वतंत्रता दिवस पर छोटे-छोटे बच्चों ने राष्ट्रप्रेम के गीत और नृत्यनाटिका प्रस्तुत की। स्कूल के प्रिंसिपल भीष्म भारद्वाज छात्रों से रूबरू हुए।

सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर प्रफेशनल स्टडीज में कई तरह के सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम हुए और शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि समर्पित की। सेंटर की निदेशिका प्रफेसर संतोष नांदल ने झंडारोहण कर राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। अतुल कटारिया मेमोरियल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और रक्षा बंधन पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों ने तिरंगे गुब्बारे और पतंग उड़ाया। इसके बाद छात्रों ने समूह गान, नृत्य, देशभक्ति गीत से वातावरण को देशभक्ति के रंग में भर दिया।